# कक्षा-दसवीं

## पाठ-10

## वाक्य-शुद्धि (भाग-1)

प्रस्तुतकर्ता
डॉ.सुनील बहल

| क्रमांक अशुद्ध वाक्य | शुद्ध वाक्य |
|---|---|
| 1. महात्मा लोग पधार रहे हैं। | महात्मा पधार रहे हैं। |

**अशुद्धि का कारण**- 'लोग' ( जातिवाचक संज्ञा ) के अनावश्यक प्रयोग के कारण।

| | |
|---|---|
| 2.मैं मेरे घर जा रहा हूँ। | मैं अपने घर जा रहा हूँ। |

**अशुद्धि का कारण** -'मेरे' ( सर्वनाम ) के अशुद्ध प्रयोग के कारण।

| | |
|---|---|
| 3.मैं उसे अनेकों बार समझा चुका हूँ | मैं उसे अनेक बार समझा चुका हूँ। |

**अशुद्धि का कारण** 'अनेकों' ( वचन ) के अशुद्ध प्रयोग के कारण।

| | |
|---|---|
| 4.उसके माता जी चंडीगढ़ में रहते हैं। | उसकी माता जी चंडीगढ़ में रहती हैं। |

**अशुद्धि का कारण**- 'उसके' तथा 'रहते' अशुद्ध लिंग प्रयोग के कारण।

| | |
|---|---|
| 5. बंदर छत में बैठा है। | बंदर छत पर बैठा है। |

**अशुद्धि का कारण**- 'में' अशुद्ध परसर्ग चिह्न के प्रयोग के कारण।

| | |
|---|---|
| 6. जयशंकर प्रसाद बड़े अच्छे कहानीकार थे। | जयशंकर प्रसाद बहुत अच्छे कहानीकार थे। |

**अशुद्धि का कारण**- 'बड़े' ( विशेषण ) के अशुद्ध प्रयोग के कारण।

| | |
|---|---|
| 7. उसने यह काम करा। | उसने यह काम किया। |

**अशुद्धि का कारण**- 'करा' ( क्रिया ) के अशुद्ध प्रयोग के कारण

| | |
|---|---|
| 8. बच्चे को काटकर सेब खिलाओ। | सेब काटकर बच्चे को खिलाओ। |

**अशुद्धि का कारण** - 'पदक्रम' के अशुद्ध प्रयोग के कारण।

| | |
|---|---|
| 9.पुलिस ने चोरों का पीछा किया गया । | पुलिस के द्वारा चोरों का पीछा किया गया। |

**अशुद्धि का कारण** : 'वाच्य' प्रयोग की अशुद्धि के कारण।

| | |
|---|---|
| 10.मैं सप्रमाण सहित कहता हूँ। | मैं सप्रमाण कहता हूँ। या मैं प्रमाण सहित कहता हूँ। |

**अशुद्धि का कारण** : पुनरुक्ति की अशुद्धि के कारण।

उपर्युक्त उदाहरणों को देखने से पता चलता है कि कई बार संज्ञा, सर्वनाम, वचन, लिंग, परसर्ग चिह्न, विशेषण, क्रिया, पदक्रम, वाच्य, पुनरुक्ति आदि की अशुद्धियों के कारण वाक्य अशुद्ध हो जाते हैं। इन अशुद्धियों को विद्यार्थी समझ और अभ्यास के द्वारा दूर कर सकता है। इस सम्बन्ध में निम्नलिखित कुछ उदाहरण दिए जा रहे हैं :

## 1. संज्ञा सम्बन्धी अशुद्धियाँ

| क्रमांक | अशुद्ध वाक्य | शुद्ध वाक्य |
|---|---|---|
| 1. | वह रविवार के दिन तुम्हारे घर आएगा। | वह रविवार को तुम्हारे घर आएगा। |
| 2. | आपकी नारी का क्या नाम है ? | आपकी पत्नी का क्या नाम है ? |
| 3. | मैं अपने दादे के घर जाऊँगी। | मैं अपने दादा के घर जाऊँगी। |
| 4. | माली जल से पौधों को सींचता है। | माली पौधों को सींचता है। |
| 5. | उसने सभा में क्रोध प्रकट किया। | उसने सभा में रोष प्रकट किया। |
| 6. | लड़का ने पत्र लिखा। | लड़के ने पत्र लिखा। |

## 2. सर्वनाम सम्बन्धी अशुद्धियाँ

| क्रमांक | अशुद्ध वाक्य | शुद्ध वाक्य |
|---|---|---|
| 1. | देखो, बाहर दरवाज़े पर क्या आया है ? | देखो, बाहर दरवाज़े पर कौन आया है ? |
| 2. | दूध में कौन गिर गया है ? | दूध में क्या गिर गया है ? |

विशेष : 'कौन' सर्वनाम का प्रयोग मानव के लिए तथा 'क्या' सर्वनाम का प्रयोग जड़ वस्तुओं या मानवेतर प्राणियों के लिए होता है।

| क्रमांक | अशुद्ध वाक्य | शुद्ध वाक्य |
|---|---|---|
| 3. | मैं इस सम्बन्ध में मेरी राय प्रकट कर चुका हूँ। | मैं इस सम्बन्ध में अपनी राय प्रकट कर चुका हूँ। |
| 4. | मेरे को स्कूल जाना है। | मुझे स्कूल जाना है। |
| 5. | आप तो आ गए, किन्तु तुम्हारा सामान नहीं आया। | आप तो आ गए हो, किन्तु आपका सामान नहीं आया। |

## 3. वचन सम्बन्धी अशुद्धियाँ

| क्रमांक | अशुद्ध वाक्य | शुद्ध वाक्य |
|---|---|---|
| 1. | दो व्यक्ति के लिए खाना बना है। | दो व्यक्तियों के लिए खाना बना है। |
| 2. | सिपाही ने युद्ध में प्राण की बाज़ी लगा दी। | सिपाही ने युद्ध में प्राणों की बाज़ी लगा दी। |
| 3 | उसने हस्ताक्षर कर दिया है। | उसने हस्ताक्षर कर दिये हैं। |
| 4. | हम आपकी कृपाओं को कभी भूल नहीं सकते। | हम आपकी कृपा को कभी भूल नहीं सकते। |

## 4. लिंग सम्बन्धी अशुद्धियाँ

| क्रमांक | अशुद्ध वाक्य | शुद्ध वाक्य |
|---|---|---|
| 1. | कवि महादेवी वर्मा को कौन नहीं जानता ? | कवयित्री महादेवी वर्मा को कौन नहीं जानता ? |
| 2. | पीतल सस्ती हो गयी है। | पीतल सस्ता हो गया है। |

विशेष : पीतल, लोहा, सोना ताँबा-ये धातुएँ पुल्लिग में प्रयुक्त होती हैं।

अपवाद : चाँदी

| | | |
|---|---|---|
| 3. | पानी गिर गयी है। | पानी गिर गया है। |

विशेष : पानी, तेल, घी, शरबत दूध-ये द्रव पदार्थ पुल्लिग में प्रयुक्त होते हैं।

अपवाद : लस्सी, चाय, कॉफी

| | |
|---|---|
| 4. मेधावी मेरी अनुज है। | मेधावी मेरी अनुजा है। |
| 5.वह अध्यापिका विद्वान है। | वह अध्यापिका विदुषी है। |

## 5. परसर्ग चिह्न ( कारक चिह्न ) सम्बन्धी अशुद्धियाँ

| क्रमांक | अशुद्ध वाक्य | शुद्ध वाक्य |
|---|---|---|
| 1. | मुकेश ने पुस्तक पढ़ता है। | मुकेश पुस्तक पढ़ता है। |
| 2. | उसने भूख लगी है। | उसको भूख लगी है। |
| 3. | अरविन्द स्कूल को जा रहा है। | अरविन्द स्कूल जा रहा है। |

विशेष : गतिवाचक क्रियाओं में स्थानसूचक कर्म के साथ 'को' परसर्ग नहीं लगता।

| | | |
|---|---|---|
| 4. | पिंकी से हमें उसकी माता जी के स्वर्गवास होने की खबर मिली। | पिंकी के द्वारा हमें उसकी माता जी के स्वर्गवास होने की खबर मिली। |

विशेष : कारण कारक में 'से' चिह्न का प्रयोग होता है किन्तु प्राय: मध्यस्थता सूचक शब्दों के साथ 'द्वारा', 'के द्वारा', 'के ज़रिए' चिह्नों का प्रयोग होता है।

| | | |
|---|---|---|
| 5. | हम पढ़ने को स्कूल जाते हैं। | हम पढ़ने के लिए स्कूल जाते हैं। |
| 6. | मैं मेरी दीदी के पास जा रहा हूँ। | मैं अपनी दीदी के पास जा रहा हूँ। |
| 7. | पेड़ों में मत चढ़ो। | पेड़ों पर मत चढ़ो। |

## 6. विशेषण सम्बन्धी अशुद्धियाँ

| क्रमांक | अशुद्ध वाक्य | शुद्ध वाक्य |
|---|---|---|
| 1. | वह मधुरतम गाती है। | वह मधुर गाती है। |

विशेष : उपर्युक्त उदाहरण में विशेषण की मूल अवस्था ( मधुर ) का ही प्रयोग होगा न कि उत्तम अवस्था ( मधुरतम ) का। यहाँ किसी की किसी से तुलना नहीं की जा रही है।

| | | |
|---|---|---|
| 2. | उसने झूठ बात कही। | उसने झूठी बात कही। |

विशेष : उपर्युक्त उदाहरणं में 'झूठी' ( विशेषण ) का ही प्रयोग होगा न कि 'झूठ' ( संज्ञा ) का। 'बात' स्त्रीलिंग शब्द होने के कारण 'झूठी' विशेषण का स्त्रीलिंग में प्रयोग हुआ है।

| | | |
|---|---|---|
| 3. | मुझे भारी प्यास लगी हुई है। | मुझे बहुत प्यास लगी हुई है। |
| 4. | युद्ध में खूंखार अस्त्रों-शस्त्रों का प्रयोग किया गया। | युद्ध में विनाशकारी अस्त्रों-शस्त्रों का प्रयोग किया गया। |
| 5. | प्रत्येक बालिका को चार-चार लड्डू दे दो। | प्रत्येक बालिका को चार लड्डू दे दो। |

---

धन्यवाद

डॉ.सुनील बहल

एम.ए.(संस्कृत,हिंदी),एम.एड.,पीएच.डी (हिंदी)